राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम: भूगोल (316)

पाठ 17 : भारत की जलवायु

कार्यपत्रक - 17

1. 'भारत में जलवायविक दशाओं में क्षेत्रीय विविधता एक वास्तविकता है।' कथन को सिद्ध कीजिए।
2. उच्चावच भारत की जलवायु को कैसे प्रभावित करते हैं?
3. 'भारत के ऊपर पवनों की दिशा में पूर्ण रूप से परिवर्तन मौसम में अचानक परिवर्तन ला देता है।' उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।
4. भारत की जलवायु पर जेट स्ट्रीम के प्रभाव का वर्णन कीजिए।
5. भारत अपनी वर्षा का अधिकांश हिस्सा ग्रीष्म ऋतु मे ही क्यों प्राप्त करता है?
6. भारत के रेखामानचित्र का प्रयोग कर दक्षिण-पश्चिम मानसून में वर्षा के वितरण को दर्शाता हुआ एक मानचित्र बनाइए।
7. दक्षिण - पश्चिम मानसून की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
8. बंगाल की खाडी के तटीय क्षेत्र लौटते हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून से वर्षा क्यों प्राप्त करते हैं जबकि शेष भारत वर्षा रहित होता है? समझाइए।
9. मानचित्र की सहायता से भारत में वर्षा के वार्षिक वितरण का वर्णन कीजिए।
10. जलवायविक दशाओं में क्षेत्रीय विविधताओं के बावजूद भारत में एक जलवायाविक एकता पाई जाती है। सिद्ध कीजिए।